

# अंडर-19 विश्वकप में रन और विकेट की बारिश



## श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका ने दिखाया दम

**187 पर ढेर स्कॉटलैंड**

**विंडहोक/ हरारे, 19 जनवरी. अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप 2026 में सोमवार का दिन युवा खिलाड़ियों के नाम रहा, जहां श्रीलंका, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका की टीमों ने अपने-अपने मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीमों पर दबाव बना दिया.**

विंडहोक और हरारे में खेले जा रहे इन मुकाबलों में बल्लेबाजों के आक्रामक शॉट्स और गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया. विंडहोक में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका की अंडर-19 टीम ने आयरलैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. शुरुआत हालांकि श्रीलंका के लिए अच्छी नहीं रही और टीम ने 59 रन तक तीन विकेट गंवा दिए. दिमंथा महाविथान, विरान चामुदिथा और दुलनिथ सिगेरा जल्दी पवेलियन लौट गए, जिससे टीम दबाव में आ गई. इसके बाद कप्तान विमथ दिनसारा ने मोर्चा संभाला और कविजा गमागे के साथ पारी को संभालते हुए चौथे विकेट के लिए 80 रनों की अहम साझेदारी की. गमागे 49 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन दिनसारा ने अपना आक्रामक अंदाज बनाए रखा. छठे नंबर पर आए चमिका हेनातिगाला ने दिनसारा का भरपूर साथ दिया और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी हुई. दिनसारा शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन 46वें ओवर में वह 95 रन बनाकर आउट हो गए. उन्होंने 102 गेंदों की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया.

> बुलबुलिया ने 108 गेंदों में 108 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और एक छक्का शामिल था, जबकि जेसन रोल्स ने 101 गेंदों में 125 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल रहे। अंत में पॉल जेम्स ने 18 गेंदों में 46 रन की तेज पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 397 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। तंजानिया की ओर से सिम्बा म्बाकी ने दो विकेट लिए, जबकि अल्फ्रेड डैनियल और खालिदी जुमा को एक-एक सफलता मिली, लेकिन गेंदबाज दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के सामने बेबस नजर आए। कुल मिलाकर अंडर-19 विश्वकप में सोमवार का दिन बल्लेबाजों के नाम रहा। जहां श्रीलंका ने संतुलित प्रदर्शन किया, वहीं पाकिस्तान ने गेंदबाजी में अपना दबदबा दिखाया और दक्षिण अफ्रीका ने विशाल स्कोर बनाकर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी।

### एक नजर में



#### बास्केटबॉल चयन प्रक्रिया का समापन

**हरिद्वार.** उत्तराखंड में खेल महाकुम्भ-2025-26 के अंतर्गत मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए आयु वर्ग अंडर-14 एवं अंडर-19 बालक वर्ग की चयन प्रक्रिया सोमवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई. चयन प्रक्रिया का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र, भगत सिंह चौक के निकट, रानीपुर हरिद्वार में किया गया. जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चयन प्रक्रिया नोडल अधिकारी खेल महाकुम्भ-2025 मुकेश कुमार भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित की गई. प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी खिलाड़ियों का चयन निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया गया.



#### नोवाक जोकोविच ने 100 जीत दर्ज की

**मेलबर्न.** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को हराकर अपने करियर की 100वीं जीत दर्ज की. आज यहां पूर्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए मेलबर्न पार्क में अपनी 100वीं करियर जीत हासिल की. रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन जोकोविच की अब टूर्नामेंट में रोजर फेडरर के 102 मैच जीतने के ऑल-टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने पर नजर हैं. मैच के बाद जोकोविच ने कहा, मैं क्या कहूं. मुझे यह सुनकर अच्छा लगा.



#### एलेक्जेंड्रा एला हुई ऑस्ट्रेलिया ओपन से बाहर

**मेलबर्न.** फिलीपींस की एक उभरती हुई टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा एला सोमवार को अमेरिका की एलिसिया पार्क्स से हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 से बाहर हो गई हैं। आज यहां खेले गये महिला एकल के पहले दौर में एला अपना पहला सेट आसानी से जीतने के बावजूद उन्हें एलिसिया पार्क्स के खिलाफ 0-6, 6-3, 6-2 हार का सामना करना पड़ा। मेलबर्न के कोर्ट छह पर वर्ल्ड नंबर 49 एला के हर मूव पर दर्शकों ने जोरदार हौसला बढ़ाया, लेकिन यह 25 साल की पार्क्स ने शानदार वापसी करते हुए अगले दोनों गेम जीतकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। पार्क्स दूसरे राउंड में 19वीं सीड चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से मुकाबला करेंगी।



#### मानिनी-ऐश्वर्य ने 50मी राइफल प्रोन में शीर्ष पर


**नयी दिल्ली.** राजस्थान की मानिनी कौशिक ने सोमवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में और वर्ल्ड चैंपियनशिप रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्पर्धा के सिलेक्शन ट्रायल वन में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों के वर्ग में शीर्ष में जगह बनाई. आज यहां डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में राइफल/पिस्टल नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स एक और दो (ग्रुप ए) के पहले दिन मानिनी कौशिक ने महिलाओं के 50 मीटर राइफल प्रोन टी1 में कुल 625.0 अंकों के साथ शीर्ष पर रही. उन्होंने 104.7, 104.2, 102.3, 104.6, 104.2, और 105 के साथ शांत और संतुलित सीरीज-दर-सीरीज प्रदर्शन के आधार पर हासिल किया. कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन 622.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि केरल की विदार्सा के विनोद 622.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं.

## सोसिएदाद ने बार्सिलोना को हराया

**ला लीगा मुकाबला** | **ओयारज़ाबाल और गोंकालो गुएडेस के गोल**

**2-1 से बार्सिलोना को हराकर बड़ी जीत दर्ज की**

**70वें मिनट में रैशफोर्ड ने स्कोर 1-1 कर दिया**



**सैन सेबेस्टियन, 18 जनवरी. ला लीगा के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में रियल सोसिएदाद ने दिग्गज क्लब बार्सिलोना को 2-1 से हराकर बड़ी जीत दर्ज की. घरेलू मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में सोसिएदाद ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और बार्सिलोना को लगातार दबाव में रखा.**

ओयारज़ाबाल और गोंकालो गुएडेस के गोलों ने टीम को जीत दिलाई, जबकि बार्सिलोना की ओर से मार्कस रैशफोर्ड ने एकमात्र गोल किया. मैच की शुरुआत से ही सोसिएदाद का मिडफील्ड मजबूत नजर आया. टीम ने छोटे-छोटे पासों और तेज मूवमेंट के जरिए बार्सिलोना की डिफेंस लाइन को बार-बार तोड़ने की कोशिश की. 32वें मिनट में इसका नतीजा भी देखने को मिला, जब मिकेल ओयार ज़ाबाल ने शानदार फिनिश के साथ पहला गोल दागा. बॉक्स के भीतर मिले मौके को उन्होंने बिना किसी गलती के जाल में पहुंचाया और स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दे दिया. गोल खाने के बाद बार्सिलोना ने खेल में वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन उनकी पासिंग में वह धार नजर नहीं आई, जिसके लिए टीम जानी जाती है. कई बार मिडफील्ड में गेंद खोने के कारण बार्सा के डिफेंडर्स पर अतिरिक्त दबाव बना रहा.

### ओयारज़ाबाल ने दागा पहला गोल

मैच की शुरुआत से ही सोसिएदाद का मिडफील्ड मजबूत नजर आया. टीम ने छोटे-छोटे पासों और तेज मूवमेंट के जरिए बार्सिलोना की डिफेंस लाइन को बार-बार तोड़ने की कोशिश की. 32वें मिनट में इसका नतीजा भी देखने को मिला, जब मिकेल ओयारज़ाबाल ने शानदार फिनिश के साथ पहला गोल दागा. बॉक्स के भीतर मिले मौके को उन्होंने बिना किसी गलती के जाल में पहुंचाया और स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दे दिया. गोल खाने के बाद बार्सिलोना ने खेल में वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन उनकी पासिंग में वह धार नजर नहीं आई, जिसके लिए टीम जानी जाती है. कई बार मिडफील्ड में गेंद खोने के कारण बार्सा के डिफेंडर्स पर अतिरिक्त दबाव बना रहा.

> लेकिन सोसिएदाद ने हार नहीं मानी. बराबरी के तुरंत बाद उन्होंने फिर से तेज खेल दिखाया और 71वें मिनट में गोंकालो गुएडेस ने शानदार गोल दागकर अपनी टीम को दोबारा बढ़त दिला दी. यह गोल बार्सिलोना के लिए बड़ा झटका साबित हुआ. डिफेंस की एक छोटी सी चूक को गुएडेस ने पूरी तरह भुनाया और गेंद को सीधे नेट में पहुंचा दिया. इसके बाद बार्सिलोना ने बराबरी के लिए पूरा जोर लगा दिया. टीम ने लगातार अटैक किए, लेकिन सोसिएदाद की डिफेंस लाइन बेहद संगठित नजर आई.

## ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में कोको गॉफ ने जगह बनाई



**मेलबर्न, 19 जनवरी.** दो बार की चैंपियन कोको गॉफ ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में उज्बेकिस्तान की कामिला राखिमोवा को हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है. आज यहां रोड लेवर एरिना में खेले गये पहले दौर के मुकाबले में तीसरी सीड अमेरिकन खिलाड़ी ने उज्बेकिस्तान की राखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया. गॉफ ने खराब सर्विस प्रदर्शन, जिसमें सात डबल फॉल्ट किए, के बावजूद एक घंटे और 39 मिनट तक चले मुकाबले में अपनी जीत पक्की की.

## डी मिनौर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचे



**बेंगलुरु, 19 जनवरी.** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार एलेक्स डी मिनौर ने सोमवार को अमेरिका के मैकेंजी मैकडॉनल्ड को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे राउंड में जगह बना ली है. आज यहां खेले गये मुकाबले में दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर को, अपने नौवें ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैकेंजी मैकडॉनल्ड के खिलाफ 6-2, 6-2, 6-3 से जीत हासिल करने में सिर्फ एक घंटा और 42 मिनट लगे. अपनी स्पीड और कंसिस्टेंसी के लिए जाने जाने वाले डी मिनौर ने पूरे मैच में अपनी खास एफिशिएंसी बनाए रखी.

## ऑस्ट्रेलिया ने टीम की घोषणा की

**सिडनी, 19 जनवरी. ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारी के मद्देनजर 29 जनवरी से लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैचों के लिए अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श की अगुवाई वाली टीम की घोषणा की है.**



इस सीरीज के सभी मैच गद्दाफी स्टेडियम में खेले जाएंगे. यह सीरीज ऐसे समय में हो रही है जब ऑस्ट्रेलिया का घरेलू सीजन अपने चरम पर है, बिग बैश लीग के फाइनल चल रहे हैं. अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है. टीम में ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस सीनियर खिलाड़ियों में शामिल हैं, ये सभी ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड के खिलाफ हालिया एशेज सीरीज में खेले थे. इस दौरे में कई बड़े खिलाड़ियों नाथन एलिस, टिम डेविड, जॉश हेजलवुड, ग्लेन मैक्सवेल और पैट कमिंस को नहीं चुना गया है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्कलोड मैनेज करने और ग्लोबल टूर्नामेंट से पहले अतिरिक्त रिकवरी का समय देने का फैसला किया है. कमिंस, हेजलवुड और डेविड सभी चोट के बाद पूरी तरह से फिट होने की कोशिश कर रहे हैं.

## दुनिया की सबसे ऊंची ट्रॉफी का अनावरण

### 'कोग्निवेरा पोलो कप 2026'




**जयपुर/नयी दिल्ली 19 जनवरी. गुलाबी नगरी जयपुर में कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस ने राजस्थान पोलो क्लब के सहयोग से 'कोग्निवेरा पोलो कप 2026' की लगभग सात फीट ऊंची ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया है. यह दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी है.**

अब तक दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी होने का गौरव चेन्नई के %कोलांका कप% (6 फीट) के नाम था, लेकिन कोग्निवेरा पोलो कप की सात फीट ऊंची ट्रॉफी ने अब एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित कर दिया है. इस भव्य ट्रॉफी का अनावरण जी स्टूडियो (सीतापुरा) में सोनू निगम के %दीवाना तेरा% टूर के दौरान जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया. यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट 26 जनवरी से शुरु होगा, इसका फाइनल मुकाबला एक फरवरी को खेला जाएगा. 8-गोल वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश और दुनिया के बेहतरीन

**वनडे सीरीज** | राणा की निडर बल्लेबाजी ने जगाईं उम्मीदें : गावस्कर



## हार के बीच भी कोहली का टेम्परमेंट बेमिसाल

**124 रन की पारी में दिखा कोहली का जुझारूपन**

**इंदौर, 19 जनवरी. भारत को भले ही न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन इस हार के बीच भी भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कुछ ऐसे पहलुओं को रेखांकित किया है, जो आने वाले समय के लिए भारतीय क्रिकेट की सकारात्मक तस्वीर पेश करते हैं.**

खास तौर पर विराट कोहली का बल्लेबाजी टेम्परमेंट और युवा ऑलराउंडर हर्षित राणा की निचले क्रम में दिखाई गई निडरता, गावस्कर के अनुसार, भारतीय टीम के लिए उम्मीद की किरण है. इंदौर में खेले गए न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले के बाद जियोस्टार पर बातचीत के दौरान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की मानसिक मजबूती की खुलकर तारीफ की. गावस्कर ने कहा कि कोहली की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह किसी तय छवि या उम्मीदों के बोझ तले नहीं खेलते. उनके अनुसार, आज के दौर में कई बल्लेबाज और गेंदबाज इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि लोग उन्हें किस तरह देखते हैं और उसी छवि पर खरा उतरने की कोशिश में वे अपने स्वाभाविक खेल से समझौता कर बैठते हैं, लेकिन विराट कोहली इस सोच से बिल्कुल अलग हैं. गावस्कर ने कहा, विराट कोहली किसी इमेज से बंधे नहीं हैं. वह इस बात की चिंता नहीं करते कि लोग उनसे किस तरह की बल्लेबाजी की उम्मीद कर रहे हैं. उनका ध्यान सिर्फ एक चीज पर होता है... रन बनाना और टीम को जीत की ओर ले जाना.

> सीरीज के निर्णायक मुकाबले में विराट कोहली ने 108 गेंदों पर 124 रनों की शानदार पारी खेली. हालांकि यह पारी भारत को जीत तक नहीं पहुंचा सकी, लेकिन जिस तरह से कोहली ने दबाव में खेल को संभाला और अंत तक संघर्ष किया, उसने सभी का ध्यान खींचा. न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले को 41 रन से जीतकर भारतीय धरती पर 37 साल बाद पहली बार कोई वनडे सीरीज अपने नाम की, लेकिन कोहली की पारी हार के बीच भी चर्चा का केंद्र बनी रही.